Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to construct an underpass or overbridge across national highway No. 65 (Ambala-Hisar) in Haryana -laid.

श्री नायब सिंह सैनी (कुरुक्षेत्र): मैं माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री भारत सरकार का ध्यान एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं। विषय यह है कि अंबाला-हिसार राष्ट्रीय राजमार्ग 65 जो कि पेहोवा से उरुनाए सड़क को गांव धनीरामपुरा बाईपास पर क्रॉस करता है। इस सड़क पर दो प्रसिद्ध मंदिर हैं जहां हजारों की संख्या में लोग आते हैं। इस पर अंडरपास या ओवरब्रिज निर्माण के संबंध में माननीय मंत्री जी के द्वारा डीजी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को इस पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया था जिस पर अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं हो सकी है। यह अंडरपास या ओवरब्रिज बनाना अत्यंत आवश्यक है। अब तक यहां बहुत अधिक मात्रा में एक्सीडेंट हो चुके हैं और लोगों की जानें जा चुकी हैं। अत: इस विषय को जल्द से जल्द संज्ञान में लेकर इस अंडरपास या ओवरब्रिज बनाया जाए। धन्यवाद।